# शब्द रचना, अर्थ, वाक्य रचना

1. 'सदाचार' में उपसर्ग है।
(a) सत् (b) आ
(c) अव (d) अचार

2. 'समादर' व 'संरक्षण' में उपसर्ग है।
(a) सम् (b) प्रति
(c) वि (d) उ

3. 'प्रत्युपकार, प्रतिदिन व प्रत्युपदेश में कौन उपसर्ग निहित है?
(a) वि (b) प्रति
(c) नि (d) उ

4. 'अध्यक्ष' व 'अधिष्ठाता में उपसर्ग है।
(a) अधि (b) अति
(c) अध (d) प्रति

5. निम्नलिखित शब्दों में उपसर्ग पहचानिए : अभ्यास, अभिमुख, अभियान।
(a) अप (b) अध
(c) अन (d) अभि

6. नि, परि, ऊन, उपसर्ग से संबंधित शब्द पहचानिए।
(a) निबंध, परिजन, उनतीस (b) संरक्षण, दुर्जन, दुकाल
(c) प्रख्यात, संहार, अल्पज्ञ (d) इनमें से कोई नहीं

7. संस्कृत उपसर्ग युक्त शब्द नहीं है।
(a) अनुजीवी (b) अपशब्द
(c) लाचार (d) प्रकर्ष

8. छलिया, पठनीय व कहानी में कौन–सा प्रत्यय निहित है?
(a) इत, ल, आवट (b) इला, वाला, ईला
(c) ईला, वाला, इक (d) इया, ईय, आनी

9. चर्मकार, प्रभाकर में कौन–सा प्रत्यय निहित है?
(a) कार, कर (b) इया, ईय
(c) वान, आड़ी (d) त्व, तर

10. खिलाड़ी, गमनीय शब्द में कौन–सा प्रत्यय प्रयुक्त है?
(a) आड़ी, ईय (b) ता, तर
(c) वत, हर (d) ईला, नी

11. गानेवाला, लघुत्तर शब्द में कौन–सा प्रत्यय है?
(a) वत, ईला (b) वाला, तर
(c) आन, इक (d) ई, क

12. खंडहर, लुटेरा शब्द में कौन–सा प्रत्यय है?
(a) हर, ऐरा (b) ईला, तर
(c) आज, क (d) वत, तर

13. जो प्रत्यय धातुओं के अन्त में लगते हैं, वे प्रत्यय हैं –
(a) कृत प्रत्यय (b) संबंध वाचक तद्धित
(c) गणनावाचक (d) सादृश्यवाचक तद्धित

14. जो प्रत्यय संज्ञा, सर्वनाम व विशेषण में जुड़कर नया शब्द बनाते हैं; वे प्रत्यय हैं –
(a) कृत् प्रत्यय (b) तद्धित प्रत्यय
(c) कृत व तद्धित प्रत्यय (d) इनमें से कोई नहीं

15. कृदन्त् प्रत्यय किन शब्दों के साथ जुड़ते हैं?
(a) संज्ञा (b) सर्वनाम
(c) क्रिया (d) अव्यय

16. वे अविकारी शब्द, जो दो शब्दों वाक्यों अथवा वाक्य खण्डों को जोड़ते हैं, कहलाते हैं –
(a) संज्ञा (b) सर्वनाम
(c) क्रिया (d) अव्यय

17. 'पाण्डव' शब्द में कैसा प्रत्यय है –
(a) कृदन्त (b) तद्धित
(c) स्त्री (d) प्रत्यय नहीं है

18. 'रिक्शा' शब्द किस भाषा का है –
(a) अंग्रेजी (b) उर्दू
(c) तुर्की (d) जापानी

19. निम्नांकित में योगरुढ़ शब्द है –
(a) विशालकाय (b) पुष्प
(c) कुमुदिनी (d) पंकज

20. निम्नलिखित शब्दों में योगरुढ़ शब्द कौन–सा है?
(a) चक्रपाणी (b) पाठशाला
(c) उपचार (d) अभिव्यक्ति

21. 'ई' प्रत्यय किस शब्द में नहीं है?
(a) तेली (b) रंगीला
(c) माली (d) अलबेली

22. 'संस्कार' शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है?
(a) सम् (b) सन्
(c) सम्स (d) सन्स

23. 'रेलगाड़ी' शब्द है –
(a) तद्भव (b) विदेशी
(c) देशज (d) संकर

24. 'वकील' किस भाषा का शब्द है?
(a) फारसी का (b) अरबी का
(c) तुर्की का (d) पुर्तगाली का

25. 'संकर' शब्द का अर्थ है –
(a) तत्सम शब्द
(b) तद्भव शब्द
(c) विदेशी शब्द
(d) दो भाषाओं के शब्दों से मिलकर बना शब्द

26. जिन शब्दों की व्युत्पत्ति का पता नहीं चलता, उन्हें कहा जाता है–
(a) तत्सम (b) तद्भव
(c) देशज (d) संकर

27. निम्नलिखित शब्द–युग्मों में कौन–सा असंगत है
(a) अफसोस–फारसी (b) कैंची–तुर्की
(c) गमला–पुर्तगाली (d) कारतूस–अंग्रेजी

28. योगरुढ़ शब्द कौन है
(a) योद्धा (b) दशानन
(c) राक्षस (d) सुर

29. 'लौकिक' शब्द में प्रत्यय है
(a) लोइक् (b) किक
(c) अक (d) इक

30. 'उच्चारण' शब्द में उपसर्ग है –
(a) उ (b) उच्
(c) उत् (d) उच्च

31. 'रिपोर्ताज' किस भाषा का शब्द है?
(a) फ्रांसीसी (b) अंग्रेजी
(c) पुर्तगाली (d) जापानी

32. निम्नलिखित में से किस शब्द में 'उपसर्ग' है?
(a) लालिमा (b) पराजय
(c) दशक (d) कारीगर

33. 'आलपीन' और 'गमला' किस विदेशी भाषा के शब्द हैं?
(a) फ्रेंच (b) पुर्तगाली
(c) अंग्रेजी (d) जापानी

34. रचना के आधार पर वाक्य के भेद हैं

ExamBull.com

(a) 6 (b) 3
(c) 8 (d) 4

35. 'घुड़सवार' शब्द निम्न में से क्या है?
(a) रुढ़ शब्द (b) योगरुढ़ शब्द
(c) यौगिक शब्द (d) निरर्थक शब्द

36. 'अजायबघर' है –
(a) देशी शब्द (b) तत्सम शब्द
(c) विदेशी शब्द (d) संकर शब्द

37. वर्णों के उस समूह को, जिससे कोई निश्चित अर्थ निकलता हो, कहा जाता है –
(a) शब्द (b) वर्ण
(c) वर्ण–समूह (d) वक्तव्य

38. 'सुत्' शब्द को स्त्रीवाचक बनाने के लिए किस प्रत्यय का प्रयोग होगा?
(a) ईया (b) ई
(c) इक (d) अ

39. 'लेखक' शब्द के अन्त में कौन–सा प्रत्यय लगा हुआ है?
(a) क (b) इक
(c) आक (d) अक

40. 'दुस्साहस' शब्द का उपसर्ग चुनिए –
(a) दुस् (b) दुर
(c) दु (d) स

41. धातु में प्रत्यय जोड़ने से बने शब्द कहलाते हैं –
(a) विशेषण (b) कृदन्त
(c) क्रिया (d) तद्धितांत

42. वाक्य में प्रयुक्त शब्द को कहते हैं –
(a) लिपि (b) पद
(c) शब्दांश (d) भाषा

43. वाक्य में शब्दों का क्रम निर्धारित होता है –
(a) पदक्रम से (b) भाषा से
(c) छंद से (d) अलंकार से

44. 'उद्देश्य' और 'विधेय' किसके अंग हैं?
(a) वाक्य (b) रचना
(c) शब्द (d) अर्थ

45. 'तेंदुलकर ने एक ओवर में पांच छक्के लगाए' इस वाक्य में उद्देश्य है –
(a) छक्के (b) तेंदुलकर
(c) ओवर (d) पाँच

46. 'हमें सफलता मिलने तक प्रयास करना चाहिए'
(a) समुच्चयबोधक अव्यय (b) क्रिया विशेषण
(c) सम्बन्ध बोधक अव्यय (d) विस्मयादिबोधक अव्यय

47. वाक्यों का वर्गीकरण मुख्यतः कितने प्रकार से होता है?
(a) 2 (b) 3
(c) 6 (d) 8

48. अर्थ के आधार पर शब्द कितने प्रकार के होते हैं?
(a) 3 (b) 4
(c) 5 (d) 6

49. अविकारी शब्द क्या होता है?
(a) संज्ञा (b) सर्वनाम
(c) अव्यय (d) विशेषण

50. उपसर्ग का प्रयोग होता है –
(a) शब्द के आदि में (b) शब्द के मध्य में
(c) शब्द के अन्त में (d) इनमें से कोई नहीं

51. 'ईश्वर तुम्हें दीघार्यु दें'। अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद बताएँ।
(a) प्रश्नवाचक वाक्य (b) विस्मयवाचक वाक्य
(c) इच्छावाचक वाक्य (d) निषेधवाचक वाक्य

52. योगरुढ़ शब्द कौन–सा है?
(a) पीला (b) घुड़सवार
(c) लम्बोदर (d) नाक

53. इनमें से विकारी शब्द कौन–सा है?
(a) हाथी (b) यहाँ
(c) इधर (d) उधर

54. निश्चयवाचक सर्वनाम कौन–सा है?
(a) क्या (b) कुछ
(c) कौन (d) यह

55. कृदन्त प्रत्यय किन शब्दों के साथ जुड़ते हैं?
(a) संज्ञा (b) सर्वनाम
(c) विशेषण (d) क्रिया

56. इनमें से किस वाक्य में 'कर्मवाच्य' है?
(a) चिट्ठी भेजी गई।
(b) लड़का पुस्तक पढ़ता है।
(c) श्याम चिट्ठी लिखेगा।
(d) लड़का दौड़ रहा था।

57. शब्दों के वर्गीकरण का आधार है?
(a) अर्थ (b) रचना
(c) उद्गम (d) ये सभी

58. निम्नलिखित में से 'रुढ़' शब्द कौन सा है?
(a) पंकज (b) विद्यालय
(c) जलज (d) कमल

59. 'इक' प्रत्यय लगाने पर "सप्ताह" का रुप क्या होगा?
(a) सप्ताहिक (b) साप्ताहिक
(c) साप्तहिक (d) सप्तहिक

60. "अभ्यागत" शब्द में उपसर्ग है –
(a) अभि (b) अ
(c) अभ्य (d) अंभ

61. 'विचार' में 'इक' प्रत्यय लगाने से बना शब्द –
(a) वेचारिक (b) विचारिक
(c) विचौरिक (d) वैचारिक

62. यद्यपि मोहन धनी है तथापि बहुत दुःखी है –
(a) साधारण वाक्य (b) संयुक्त वाक्य
(c) मिश्र वाक्य (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

63. 'लालटेन' शब्द निम्न वर्गो में से किस वर्ग में आता है –
(a) तत्सम (b) तद्भव
(c) देशज (d) विदेशज

64. 'काजू' शब्द का सम्बन्ध किस भाषा से है?
(a) जापानी भाषा (b) चीनी भाषा
(c) फ्रांसीसी भाषा (d) पुर्तगाली भाषा

65. कौन–सा शब्द तुर्की भाषा का नहीं है?
(a) पैगम्बर (b) बेगम
(c) चेचक (d) बारुद

66. निम्नलिखित में विकारी शब्द कौन–सा है?
(d) आज (b) लड़का
(c) इधर (d) परन्तु

# ANSWER KEY Chk

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (a) | 2. (a) | 3. (b) | 4. (a) | 5. (d) | 6. (a) | 7. (c) | 8. (d) | 9. (a) |
| 10. (a) | 11. (b) | 12. (a) | 13. (a) | 14. (b) | 15. (c) | 16. (d) | 17. (b) | 18. (d) |
| 19. (d) | 20. (a) | 21. (b) | 22. (a) | 23. (d) | 24. (b) | 25. (d) | 26. (c) | 27. (d) |
| 28. (b) | 29. (d) | 30. (c) | 31. (a) | 32. (b) | 33. (b) | 34. (b) | 35. (c) | 36. (d) |
| 37. (a) | 38. (b) | 39. (d) | 40. (a) | 41. (b) | 42. (b) | 43. (a) | 44. (a) | 45. (b) |
| 46. (c) | 47. (a) | 48. (b) | 49. (c) | 50. (a) | 51. (c) | 52. (c) | 53. (a) | 54. (d) |
| 55. (d) | 56. (a) | 57. (d) | 58. (d) | 59. (b) | 60. (a) | 61. (d) | 62. (c) | 63. (d) |
| 64. (d) | 65. (a) | 66. (b) | | | | | | |

EduBull.com